**वित्त विश्लेषक (एनएचएम- वित्त) के पद के लिए निबंधन औप शर्तें**

| | |
|---|---|
| विभाजन का नाम | एनएचएम वित्त प्रभाग (वित्तीय प्रबंधन समूह) |
| रिपोर्टिंग | निदेशक/ उप- सचिव (एनएचएम-वित्त), अवर सचिव (एनएचएम-वित्त) और वित्त नियंत्रक |
| स्थिति का नाम | **वित्त विश्लेषक** |
| पदों की संख्या | **दो** |
| स्थान | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली |

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णत: संविदात्मक आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

**1. पृष्ठभूमि**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मुख्यतया ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों दोनों में समग्रतावादी जन स्वास्थ्य प्रदानगी प्रणाली प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का व्यापक कार्यक्रम है। पूर्णतया संविदात्मक आधार पर तकनीकी सहायता के रूप में जनशक्ति सहायता से एनएचएम के अंतर्गत वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन तथा मॉनीटरिंग में मदद मिलनी अपेक्षित है।

**2. उद्देश्य**

केन्द्रीय स्तर पर वित्त विश्लेषक को एनएचएम के तहत निधियों के निर्मोचन, व्यय, एफएमआर, एसएफपी, अव्ययित शेष, सांविधिक लेखा परीक्षा, समवर्ती लेखा परीक्षा, ई-बैंकिंग, उपयोग प्रमाण-पत्रों, क्षेत्र समीक्षा दौरे और उन पर राज्यों द्वारा की गई कार्रवाई सहित वित्तीय प्रबंधन की निगरानी करेगा है।

**3. कार्यक्षेत्र**

**मुख्य जिम्मेदारियां:**

i. डाटा समेकन का सिंहावलोंकन, गति- वार प्रभाग– वार, राज्य- वार, त्रैमासिक तथा वर्ष- वार वित्तीय एमआईएस तैयार करना और वित्त सहायकों द्वारा आवंटन, निर्मुक्ति तथा व्यय की प्रतिशतता के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण तैयार करना।

ii. वित्तीय सहायकों द्वारा स्वीकृति आदेशों की वित्तीय वर्ष वार फाइलों को तैयार करने का सिंहावलोंकन एवं पीएओ, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पास उपय़ोगिता प्रमाण- पत्रों का पूर्णतया निपटान करना।

iii. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियों का इलेक्ट्रॉनिक अंतरण, वेबसाइट अद्यतन बनाना तथा वित्त सहायकों द्वारा एनएचएम के अंतर्गत सभी कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीकृत निधि अंतरण डाटा बेस को अनुरक्षण।

**अन्य उत्तरदायित्व**

i. एफएमआर की प्राप्ति की मानीटरिंग, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से निधि संबंधी स्थिति तथा मासिक समवर्ती लेखा परीक्षा रिपोर्ट का विवरण एवं निधि का आबंटन, निर्मुक्ति और व्यय के रूझान के संबंध में फीडबैक प्रदान करना।

ii. सांविधिक लेखा परीक्षा प्रक्रिया की मॉनिटरिंग, समेकित लेखा परीक्षा रिपोर्टों और उपयोग प्रमाण पत्रों की समय पर प्राप्ति, तत्संबंधी जांच तथा संबंधित राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से अनुपालन प्राप्त करना।

iii. एनएचएम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के लिए घटक-वार निधि उपयोग डाटा बेस का संकलन।

iv. एफएमआर फार्मेट के अनुसार अंतरा एनएचएम घटकों में निधि उपयोग, लेखा परीक्षित उपयोग प्रमाण-पत्र, व्यय संबंधी रूझानों, उपयोग के पैटर्नों से संबंधित डाटा विश्लेषण।

v. एनएचएम कार्यक्रमों के लिए एफएमआर और लेखा परीक्षा विश्लेषण रिपोर्टे तैयार करना और टिप्पणियों के लिए मंत्रालय के संबंधित कार्यक्रम प्रभागों एवं राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को परिचालित करना।

vi. एनडीसीपी के साथ उनकी प्रगामी निधि निर्मुक्ति एवं व्यय के संबंध में वार्ता करना तथा उनसे निहित मासिक स्थिति रिपोर्ट प्राप्त करना।

vii. एनएचएम वित्तीय प्रबंधन दिशा-निर्देशों के संदर्भ में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में वित्तीय प्रक्रियाओं की समीक्षा करना तथा तत्संबंधी सुधारों का सुझाव देना।

viii. सुधार हेतु टिप्पणियों एवं सिफारिशों के प्रयोजनार्थ राज्यों में वित्त, लेखा एवं लेखा परीक्षा निष्पादन समीक्षा, विशेष वित्तीय अध्ययन तथा रिपोर्ट तैयार करने के लिए संयुक्त दलीय दौरा करना।

ix. समय-समय पर राज्य/ जिला/ ब्लॉक स्तरीय वित्त/ लेखा के स्टॉफ के लिए टैली सहित प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित करना और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान करना

x. संसदीय प्रश्नों/ समितियों/ आऱटीआई/ वीआईपी संदर्भों/ सीएजी तथा डीजीएसीई लेखा परीक्षा आदि के संबंध में समय- समय पर सूचना एवं डाटा सहायता प्रदान करना।

xi. एनएचएम-वित्त प्रभाग में डैशबोर्ड/ इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस कार्यप्रणाली का रख- रखाव और उसे नियमित रूप से अद्यतन करना।

**4. आउटपुट**

सभी कार्यों और जिम्मेदारियों पर समय पर कार्रवाई करना और प्रत्येक तिमाही के अंत में की गई/ की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट निदेशक/ उप- सचिव (एनएचएम-वित्त) को प्रस्तुत करना।

**5. अर्हताएं एवं अनुभव**

किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एमबीए (वित्त) या वित्त में विशेषज्ञता सहित पीजीडीबीएम/ पीजीडीबीए ।

सामाजिक, निजी अथवा सरकारी क्षेत्र में वित्त एवं लेखा संबंधी मामलों में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव । कंप्यूटरीकृत लेखाकरण पैकेज अधिमानत: टैली, एमएस ऑफिस की जानकारी हो।

**6. यात्रा और निर्वाह**

परामर्शदाता को राज्य/ जिला/ ब्लॉक/ ग्राम स्तरों पर व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। सभी यात्राओं को निदेशक/ उप- सचिव (एनएचएम-वित्त) द्वारा अग्रिम रूप से प्राधिकृत किया जाना आवश्यक है। यात्रा के समय, परामर्शदाता को विकास के भागीदार अथवा उसके टीएमएसए अथवा भारत सरकार के नियमानुसार खान- पान/ आवास पर व्यय के लिए निर्धारित दैनिक भत्ता देय होगा।

**7. रिपोर्टिंग आवश्यकताएँ**

परामर्शदाता प्रत्येक तिमाही के अंत में निदेशक/उप- सचिव (एनएचएम-वित्त) को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

**8. परामर्श अवधि**

प्रारंभ में यह संविदा **31 मार्च 2023 तक होगी**। संतोषजनक ढंग से कार्य निष्पादन करने पर संविदा को केवल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के स्वविवेक से एक वर्ष के लिए आगे बढ़ाने हेतु नवीकृत किया जा सकता है फिर भी, परामर्श सेवा को दोनों में से किसी एक पक्ष द्वारा लिखित रूप में एक माह का नोटिस देकर समाप्त किया सकता है।

**9. पारिश्रमिक**

परामर्शदाता को उसकी अर्हताएं एवं अनुभव के आधार पर भारत सरकार के संयुक्त चयन बोर्ड, विकास भागीदार और अन्य नामित विषय विशेषज्ञों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 60,000 रुपये से 1,20,000 रुपये प्रति माह मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। यदि नियोजन भारत सरकार के बजट के जरिए हो, तो पारिश्रमिक के संबंध में निर्णय उस प्रायोजन के लिए खुले विज्ञापन के समय विद्यमान शर्तों के आधार पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की चयन समीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

परामर्शदाता को परामर्श सेवा करार में स्पष्ट रूप से उल्लिखित लाभों को छोड़कर कोई अन्य लाभ, भुगतान, सब्सिडी, मुआवजा या पेंशन प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा। परामर्शदाता को कर भुगतान से छूट नहीं दी जाएगी और उसे प्राप्त पारिश्रमिक पर मौजूदा नियमों के अनुसार लगाए गए करों का भुगतान करना होगा। आवेदन के साथ परामर्शदाता का हाल का जीवन- वृत्त (सीवी) और पिछली परामर्श सेवा में प्राप्त भुगतान का साक्ष्य संलग्न किया जाना चाहिए।

**10. आयु सीमा:**

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर 45 वर्ष तक।

**आवेदन करने के लिए**: उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट http://nhsrcindia.org पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **23-Aug-2022** है।